चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : बी0एड0 परीक्षा/4289 — दिनांक : 02.06.2026

विज्ञप्ति

शैक्षिक सत्र 2025–27 द्विवर्षीय बी0एड0 में काउंसलिग के माध्यम से एवं अल्पसंख्यक महाविद्यालयों में प्रविष्ट बी0एड0 प्रथम वर्ष छात्रों के विषय चयन तथा परीक्षा फार्म समर्थ पोर्टल पर भरवाये जा चुके हैं। कतिपय महाविद्यालय जो छात्रों के विषय चयन नहीं कर पाये है तथा छात्र/छात्रा जो परीक्षा फार्म नहीं भर पाये हैं के हितो के दृष्टिगत बी0एड0 प्रथम वर्ष विषय चयन एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि निम्नवत सारणी के अनुसार विस्तारित की जाती है।

क्र0सं0	समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने हेतु विवरण	निर्धारित तिथि
1	समर्थ पोर्टल पर ऑन–लाइन परीक्षा शुल्क जमा करने तथा परीक्षा फार्म सत्यापित करने की अन्तिम तिथि	06.06.2026
2	समर्थ पोर्टल पर रूपये 250/– विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क जमा करने तथा परीक्षा फार्म सत्यापित करने की अन्तिम तिथि	07.06.2026
3	सत्यापित परीक्षा फार्म एन0आर0 एवं प्रवजन प्रमाण पत्र के साथ जमा करने की तिथि	08.06.2026 से 09.06.2026 तक

EX एवं **Back Paper** हेतु अर्ह ऐसे छात्र जो अपना परीक्षा फार्म भरने से अथवा सत्यापित करवाने से वंचित रह गये थे, के लिए भी परीक्षा फार्म पोर्टल उपर्युक्त अवधि में खोला जा रहा हैं। **EX** एवं **Back Paper** परीक्षा फार्म वेब लिंक **ccsuniversityweb.in** पर भरे जायेगे जबकि मुख्य परीक्षा फार्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से भरे जायेगे।

महाविद्यालयों से अनुरोध है कि छात्र/छात्राओं के पेडागौजी विषयों का चयन उनके स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रम में लिए गये विषयों के अनुरूप ही करें। चूकि उक्त प्रक्रिया समर्थ पोर्टल पर पूर्ण करायी जा रही है इसलिए किसी भी प्रकार का विषय परिवर्तन सम्भव नहीं होगा।

जिन छात्र/छात्राओं के फोटो/हस्ताक्षर उनके लॉगिन पर उपलब्ध नहीं है, अपना फोटो/हस्ताक्षर आवश्यक रूप से अपलोड करना सुनिश्चित करें।

एन0सी0टी0ई0 रेग्यूलेशन 2014 के वर्णित पार्ट 3, सेक्सन 4 के अनुसार बी0एड0 पाठ्यक्रम तीन वर्ष की अवधि में पूर्ण करना अनिवार्य है।

नोटः– प्रथम वर्ष मुख्य परीक्षा 2026 (सत्र 2025–27) फार्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से भरे जायेंगे इसलिए अन्तिम तिथि के पश्चात विश्वविद्यालय स्तर पर परीक्षा फार्म भरवाना/सत्यापित करवाना सम्भव नहीं होगा। समस्त महाविद्यालयों/छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि निर्धारित तिथियों के भीतर ही परीक्षा फार्म भरना/सत्यापित करवाना सुनिश्चित करें।

परीक्षा फार्म भरने की सम्पूर्ण प्रक्रिया समर्थ पोर्टल पर विश्वविद्यालय द्वारा जारी नामांकन संख्या (Enrolment Number) के माध्यम से की जानी है। अतः छात्र अपने नामांकन संख्या (Enrolment Number) का प्रयोग कर परीक्षा फॉर्म हेतु समर्थ पोर्टल लिंक https://ccsuniversity.samarth.edu.in पर लॉग ईन कर सकते हैं।

यहाँ यह भी अवगत कराना है कि परीक्षा फार्म दो प्रतियों में जमा होंगे। परीक्षा फार्म की एक प्रति के साथ विद्याथी के समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र संलग्न करें तथा दूसरी प्रति के साथ सम्बन्धित विद्यार्थी को प्रवजन प्रमाण पत्र संलग्न करें। **ऐसे छात्र जिनके परीक्षा फार्म/शैक्षिक दस्तावेज/प्रवजन प्रमाण पत्र बी0एड0 सेल मे प्राप्त नहीं होगे, के परीक्षा प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किये जायेगे।**

छात्र परीक्षा फार्म भरने से पूर्व समस्त परीक्षा निर्देशों को अनिवार्य रूप से पढें तथा महाविद्यालय/विभाग केवल अर्ह छात्रों के परीक्षा फार्म ही सत्यापित करें। यदि कोई छात्र विश्वविद्यालय नियमानुसार परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह नहीं है तो उसका परीक्षा फार्म स्वतः निरस्त माना जायेगा।

21/06

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. सकायाध्यक्ष शिक्षा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. व्यैक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
6. नोडल अधिकारी समर्थ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)/समन्वयक रिजल्ट सेल/प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र को सूचनार्थ।
8. प्रभारी–अतिगोपनीय विभाग/कमेटी सैल/बी0एड0 सैल/व्यवसायिक पाठ्यक्रम।
9. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत समस्त एजेंसियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
10. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
12. गार्डफाइल।

20/07/06

उप कुलसचिव (बी0एड0 सेल)